अब जनसुनवाई केवल मेरे घर पर ही नहीं, दिल्ली की हर विधानसभा में होगी। आपकी मुख्यमंत्री, आपके द्वार।

—— रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री दिल्ली

ग्रामीण स्तर पर बदलाव केवल योजनाओं को लागू करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि स्वामित्व सृजन, क्षमता निर्माण और गति को बनाए रखना भी अहम है।

—— देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री महाराष्ट्र

संक्षिप्त खबरें

बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

गढ़मुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपीयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की गई है। गढ़ सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि एसआई सौराज सिंह के नेतृत्व में बनी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बड़ढ़ा नहर पुल के पास से बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से दो तमंचे व कारतूस बरामद हुए।

तीन बच्चों की मां रहस्यमय तरीके से गायब

पिलखुवा। तीन बच्चों की मां रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। वह बीमार मां को देखने के लिए पीहर आई थी। परिजनों ने विवाहिता का कुछ पता नहीं लगने पर पुलिस को सूचित कर पता लगाने की गुहार लगायी है। कस्बा पिलखुवा में एक विवाहिता अपनी बीमार मां को देखने के लिये खुर्जा से आयी थी। पहले तो परिवार वालों ने समझा विवाहिता आस-पड़ोस में गयी होगी। ज्यादा देर होने पर आसपास पता करने के बाद जब कुछ पता नहीं लगा तो पुलिस को सूचित किया गया।

वारंटी गिरफ्तार

गढ़मुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस ने विद्युत अधिनियम के मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि न्यायालय ने विद्युत अधिनियम के एक मुकदमे में एक आरोपी हरिओम पुत्र नरेश निवासी हाजीपुर थाना सिंभावली के विरुद्ध वारंट जारी किया था।

अधिसूचना जारी, राजकुमार चौहान को कैबिनेट मंत्री की सुविधाएं

■ एक अगस्त को दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया था

नई दिल्ली (एसएनबी)। रेखा गुप्ता सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगोलपुरी से भाजपा विधायक राजकुमार चौहान को दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड (डीवीडीबी) का चेयरमैन बनाए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में चेयरमैन राजकुमार को ड्राइवर समेत सरकारी कार, ऑफिस स्टाफ समेत कैबिनेट मंत्री के स्तर की सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने को कहा गया है। सरकार ने एक अगस्त को राजकुमार चौहान की नियुक्ति की घोषणा की थी। अधिसूचना की एक प्रति राजकुमार चौहान और एक प्रति सचिव, विकास आयुक्त को भेजी गयी है। ग्रामीण विकास बोर्ड का कार्यालय कश्मीरी गेट स्थित आईएसबीटी भवन के प्रथम तल पर है।

भाजपा विधायक राजकुमार चौहान कांग्रेस की शीला सरकार में 15 साल तक मंत्री रहे हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के समय उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ले ली थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर मंगोलपुरी विधानसभा से चुने गए हैं। हालांकि राजकुमार चौहान के साथ ही रेखा गुप्ता सरकार ने गांधी नगर से विधायक अरविंदर सिंह लवली को यमुना विकास बोर्ड का चेयरमैन बनाए जाने की भी घोषणा की थी।

सड़क किनारे कूड़ा डालने पर एक लाख का जुर्माना

ग्रेटर नोएडा (एसएनबी)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर ज्यू के पास सर्विस रोड पर हॉर्टिकल्चर वेस्ट डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ लिया। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दूसरा जुर्माना कुलेसरा के पास हिंडन नदी के किनारे कूड़ा फेंकने पर लगाया गया। इस पर भी 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने कहा है कि कोई भी इधर-उधर कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया तो उस पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा।

गैंगरेप पीड़िता ने की खुदकुशी आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

■ परिजनों ने लगाया पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप

■ मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर थी पीड़िता

■ निठोरा गांव के जंगल में सोमवार को हुआ गैंगरेप

■ बाइक सवार तीन युवक हैं आरोपी

लोनी (एसएनबी)। लोनी थाना क्षेत्र के बागराणप गांव में एक मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर युवती ने गैंगरेप से आहत होकर खुदकुशी कर ली। गैंगरेप की वारदात सोमवार को निठोरा गांव के जंगल में हुई। गैंगरेप पीड़िता के खुदकुशी कर लेने की खबर से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। लोगों ने इस मामले को लेकर रोष व्यक्त करते हुए हंगामा भी किया। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी व स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों को दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा देकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पीड़िता के पिता के अनुसार उसकी करीब 23 वर्षीय बेटी मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर है। सोमवार शाम को उसकी बेटी घर से निकल गई थी। इसके बाद रात्रि में निठोरा गांव के किसी व्यक्ति ने फोन पर उसकी बेटी के साथ दुराचार होने की सूचना दी। उसकी बेटी को तीन युवक बाइक पर लेकर आये थे। मौके पर जाकर उसने देखा तो बेटी के मुंह पर चोट और उसके कपड़े अस्त व्यस्त थे। वह बेटी को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस के पास गये। लेकिन पुलिस ने न कोई कार्रवाई की और न पीड़िता का मेडिकल कराया। आरोप है कि पुलिस उन्हें गुमराह करती रही। बृहस्पतिवार की सुबह दुष्कर्म पीड़िता ने आहत होकर अपने घर के कमरे में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब उसका शव लटका देखा तो कोहराम मच गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे ले लिया और टैम्पो में रखकर पोस्टमार्टम के लिए लेकर जाने लगे। इसका परिजनों व ग्रामीणों ने विरोध किया। इसके बाद एक निजी वाहन से शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी का कहना है कि सोमवार को ही तहरीर के आधार पर इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस के माध्यम से मामले की जांच की जा रही है। जल्दी ही इस घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए कई टीमो का गठन किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

पेंट करते समय रस्सी टूटी, 25वीं मंजिल से नीचे गिरा पेंटर, मौत

नोएडा (एसएनबी)। थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 107 स्थित लोटस 300 सोसाइटी में पेंट का काम करते समय एक पेंटर 25 वीं मंजिल से नीचे गिर गया। इस घटना में उसे गंभीर चोट आई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हिमांशु पुत्र विजेंद्र सिंह उम्र 28 वर्ष मूल रूप से जनपद रामपुर के रहने वाले थे। वह सेक्टर 107 स्थित लोटस 300 सोसाइटी में 18 अगस्त को पेंट का काम कर रहे थे। वह ऊंचाई से नीचे रस्सी पर लटक कर काम कर रहे थे। इसी बीच रस्सी टूट गई तथा वह ऊपर से नीचे गिर गए। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई। उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 50 स्थित नियो अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान आज उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवक ने की आत्महत्या

नोएडा (एसएनबी)। सड़क दुर्घटना में माता-पिता की हुई मौत के बाद मानसिक अवसाद में रह रहे 20 वर्षीय युवक ने मंगलवार रात अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रोहित पुत्र रामेश्वर सिंह उम्र 20 वर्ष छलेरा गांव के गली नंबर- 3 में रहते थे। उन्होंने मंगलवार रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। इस घटना में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आज सुबह को पुलिस को घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि मृतक के माता-पिता की सड़क दुर्घटना में कुछ समय पूर्व मौत हो गई थी। तब से वह मानसिक तनाव में रह रहा था।

रिश्वत लेते दरोगा रंगे हाथ गिरफ्तार

■ धोखाधड़ी के मामले से नाम हटाने के लिए मांगी थी 75 हजार रुपए घूस

मोदीनगर (एसएनबी)। मेरठ एंटी करप्शन टीम ने बृहस्पतिवार को कलछीना पुलिस चौकी प्रभारी को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भोजपुर थाना क्षेत्र के कलछीना गांव के रहने वाले इनामुल हक ने एंटी करप्शन टीम से रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। धोखाधड़ी के एक मामले से नाम हटाने के लिए रिश्वत मांगी थी। कलछीना पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार पर 75 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप था। इनामुल हक ने इस बात की शिकायत मेरठ एंटी करप्शन टीम से की। बृहस्पतिवार की दोपहर इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में एंटी करप्शन की टीम यहां पहुंची तथा इनामुल हक को केमिकल लगे 50 हजार रुपए दिए। जब ये रुपए दरोगा राजीव कुमार को दिए गए तभी टीम ने दरोगा को दबोच लिया। इसके बाद टीम उसे लेकर मोदीनगर कोतवाली पहुंची। टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर की ओर से दरोगा राजीव कुमार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गिरफ्तार दरोगा मूल रूप से मैनपुरी का रहने वाला है। इससे कुछ महीने पहले यही टीम मोदीनगर तहसील से एक लेखपाल तथा मुरादनगर से जीडीए के एक सुपरवाइजर को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर चुकी है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित लालवान, पुत्रः चमनलाल, निवासीः आरजेड–360/356ए पहली मंजिल, गली नंबर–8, शिवपुरी, पश्चिम सागरपुर, दिल्ली** ने **FIR No.: 262/2023, U/s: 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमित लालवान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमित लालवान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सागरपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **अमित लालवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
जेएमएफसी–03, मैन बिल्डिंग, कमरा नं. – 18,
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/11111/NW/2025

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष पुत्र श्री वीर सिंह उर्फ शिव लाल निवासी ई–36ए/272, अंबेडकर कैंप, ब्लॉक–32/33, त्रिलोकपुरी, नई दिल्ली** ने **FIR No. 65/20, U/S 365/394/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 65/20, U/S 365/394/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री नीतिका कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
दक्षिण पश्चिम जिला, न्यायालय संख्या 514
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/11171/DW/2025(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुलदीप उर्फ असलम, पुत्र सिया राम निवासी मकान नंबर 10, वीपीओ पूठ खुर्द, दिल्ली** दूसरा पता **ए-371, लाल फ्लैट्स सेक्टर-3, बवाना, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 447/2019 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना के.एन. काटजु मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप उर्फ असलम** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप उर्फ असलम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 447/2019 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना के.एन. काटजु मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुलदीप उर्फ असलम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमान्शु सेहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तरी जिला
कमरा नं.213, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/11118/RD/2025

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **राहुल उर्फ देवेंद्र, पुत्रः** रवि कुमार, **पताः** 296ए, गली नंबर 8 नेहरू नगर, प्रेम नगर, आनंद पर्वत, दिल्ली **FIR No. 29623/2023; U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ देवेंद्र,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ देवेंद्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ देवेंद्र, FIR No. 29623/2023; U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति राजोरिया
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (केंद्रीय)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11034/N/2025
(Court Matter)

'लोक कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता'

■ उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति की प्रथम उप समिति की बैठक में बोले सभापति मनीष असीजा

गाजियाबाद (एसएनबी)। सरकार का मूल उद्देश्य लोक कल्याण है और यही उसकी प्रथम व मुख्य प्राथमिकता भी है। जनता से कर के रूप में मिला धन परियोजनाओं और योजनाओं के माध्यम से जनता के हित में सरकार वापस करती है। ये बातें सभापति मनीष असीजा दुर्गावती सभागार, विकास भवन में हुई उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति वर्ष (2024-25) की प्रथम उप समिति की बैठक में कहीं।

उन्होंने कहा कि विभागों को जो भी धनराशि लोक कल्याण एवं परियोजनाओं के लिए प्राप्त होती है, उस पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने गाजियाबाद जिला प्रशासन, जीडीए व नगर निगम के अधिकारियों के कार्यों की सराहना भी की। समिति ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा व प्रगति जानी।

विकास भवन पहुंचने पर सभापति मनीष असीजा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके साथ श्रीमती सरिता भदौरिया सदस्य, डा. डीसी वर्मा सदस्य, गुरु प्रसाद मौर्य सदस्य, गौरव कुमार सदस्य, विनोद चतुर्वेदी सदस्य, संग्राम सिंह सदस्य, किरत सिंह सदस्य भी थे। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने समिति को नगर निगम गाजियाबाद के कार्यों की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक मुक्ति, ईवी चार्जिंग स्टेशन, गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट, जनिशकायतों निस्तारण व जनसुविधा के लिए एप, सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे, कूड़ा निस्तारण सहित अनेक कार्य करते हुए शासनादेश के अनुपालन में परियोजनाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया।

जीडीए सचिव राजेश सिंह ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यों के विषय में समिति को जानकारियां दीं। उन्होंने जीडीए के कर्ज मुक्त होने, हरनंदीपुरम आवासीय टाउनशिप, नार्दन पेरिफेरल परियोजना, मधूबन बापूधाम योजना, बुनकर मार्ट एक्सपो एवं कन्वेन्शन सेन्टर, नवीन प्राधिकरण कार्यालय भवन आदि योजनाओं की प्रगति/लागत व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व जिलास्तरीय अधिकारियों ने विकास कार्यों से सम्बंधित योजनाओं कार्यों के बारे में समिति को प्रस्तुति दी। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह माँदड़ ने बैठक के समापन सभी गणमान्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स व डीसीपी धवल जायसवाल भी उपस्थित रहे।

पीएम व सीएम के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गढमुक्तेश्वर। गढ़ कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गढ़ कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर नौशाद नाम के एक युवक ने देश के प्रधानमंत्री व उप्र के मुख्यमंत्री के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। वॉयरल हुए विडियो का संज्ञान लेने के बाद उच्चाधिकारियों कार्रवाई के निर्देश दिये। गढ़ पुलिस ने इस मामले में गांव बदरखा निवासी नौशाद पुत्र फकीरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

36 लोगों की लॉटरी की रकम लेकर भागा होमगार्ड

पिलखुवा (एसएनबी)। पिलखुवा में रहने वाला होमगार्ड भोले भाले 36 लोगों को अपने जाल में फंसाकर लॉटरी की रकम लेकर भाग गया। होमगार्ड योगेन्द्र ने पहले तो दिनेश नगर की सोसायटी मे अपना मकान खरीदा। यहां से उसने लॉटरी का व्यवसाय शुरू किया। देखते ही देखते 36 लोगों ने होमगार्ड के यहां दस हजार रुपए महीने की लॉटरी डालना शुरू कर दिया। होमगार्ड होने के कारण लोगों को विश्वास था कि यह रकम लेकर भागेगा नहीं। इस बीच उसने अपना मकान कस्बे के ही एक प्रॉपर्टी डीलर को बेच दिया। मकान की रजिस्ट्री प्रापर्टी डीलर ने अपनी पत्नी के नाम करा ली। होमगार्ड किराये के मकान में रहने लगा और वहीं से लॉटरी के पैसों का लेनदेन करता रहा। जब लॉटरी पूरी होने का समय आया तो वह सामान लेकर भाग गया। परेशान एक व्यक्ति ने वकील के माध्यम से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी गयी है। होमगार्ड का पता लगाने का प्रयास जारी है।

पुलिस मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश घायल, गिरफ्तार

साहिबाबाद (एसएनबी)। पिछले वर्ष घड़ी के शोरूम में हुई चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 10/11अगस्त 2024 की रात्रि में थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र में जयपुरिया मॉल के सामने स्थित घड़ियों के शोरूम 'साई क्रिएशन' का शटर तोड़कर वहां रखी कीमती घड़ियों की चोरी करने वाले चादर गैंग के 20 हजार रुपये के इनामी व वांछित बदमाश को सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी मंगल-बुधवार की रात स्वाट टीम क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने कनावनी पुलिया पर मुखबिर की सूचना पर संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान हुई।

एसीपी ने बताया वसुन्धरा टी-पॉइन्ट के पीछे झाड़ियों वाले मैदान में पुलिस से घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर सीधा फायर किया, जिसमें पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे । पुलिस द्वारा चलाई गई आत्मरक्षार्थ गोली बदमाश के पैर में लगी,जिससे नीचे गिर गया। घायल बदमाश ने अपना नाम संतोष जैसवाल उर्फ आसामी पुत्र नारायण प्रसाद जैसवाल बताया। उसकी उम्र करीब 24 वर्ष है। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन ने इसकी गिरफ्तारी पर 20हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। वह दिल्ली एनसीआर मे पेन्टर का काम करता है। इस दौरान शोरूमों की रैकी कर घटना को अंजाम देता था।

जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड

JUBILANT FOODWORKS

सीआईएनः L74899UP1995PLC043677
पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट 1ए, सैक्टर 16ए, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
कॉरपोरेट कार्यालयः 15वां तल, टॉवर ई, स्काईमार्क वन, प्लॉट नं. एच–10/ए, सैक्टर 98, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
फोनः +91-120-6927500; +91-120-6935400
वेबसाइटः www.jubilantfoodworks.com, ईमेलः investor@jublfood.com

शेयरधारकों के लिए सूचना

100 दिवसीय अभियान – 'सक्षम निवेशक'

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) ने निवेशक शिविर के उद्देश्यों और निवेशक शिक्षा एवं सुविधा के अपने व्यापक अभियान के अनुरूप, 28 जुलाई, 2025 से 6 नवंबर, 2025 तक 100 दिवसीय अभियान – 'सक्षम निवेशक' शुरू किया है। यह अभियान उन शेयरधारकों को लक्षित करेगा जिनके लाभांश का भुगतान/दावा नहीं किया गया है। आईईपीएफए के निर्देशानुसार, जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड ('कंपनी') ने उन शेयरधारकों के लिए 100 दिवसीय अभियान, 'सक्षम निवेशक' शुरू किया है, जिनके लाभांश का भुगतान/दावा नहीं किया गया है, और यह सूचना कंपनी द्वारा उपरोक्त अभियान के एक भाग के रूप में जारी की जा रही है।

जिन शेयरधारकों के पास अवैतनिक/अदावाकृत लाभांश है या जिन्हें अपने 'अपने ग्राहक को जानो' ('केवाईसी') और नामांकन विवरण अपडेट करने की आवश्यकता है या जिनके पास अवैतनिक/अदावाकृत लाभांश और शेयरों से संबंधित कोई समस्या/प्रश्न हैं, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले लिंक इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट एनएच 2, सी–1 ब्लॉक एलएससी, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली 110058 पर है। दूरभाषः 011–49411000 और ई–मेल delhi@in.mpms.mufg.com (वेबसाइटः https://in.mpms.mufg.com/) पर लिखें या कंपनी के नोडल अधिकारी को investor@jublfood.com पर ईमेल करे। शेयरधारक यह भी ध्यान दें कि यह अभियान विशेष रूप से शेयरधारकों तक पहुँचने और उनके केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट करने के लिए शुरू किया गया है।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने विवरण अपडेट करें और अपने अवैतनिक/अदावाकृत लाभांश का दावा करें ताकि उनके शेयर आईईपीएफए को हस्तांतरित होने से बच सकें। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com और उन स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, जैसे कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com और बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com।

जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
(मोना अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

दिनांकः 21.08.2025
स्थानः नोएडा

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बेरीनाग (पिथौरागढ़)

फोनः 05964–244117 ईमेलः eepwdberinag@rediffmail.com

निविदा सूचना सं० 1362/3A — **अति अल्पकालीन निविदा सूचना** — दिनांक : 21/08/2025

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व अन्य विवरण दिनांक 23.08.2025 से 29.08.2025 तक किसी भी कार्य दिवस (अवकाश दिवस को छोड़कर) में उसके सम्मुख इंगित किसी भी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 30.08.2025 को 1.00 बजे तक स्तम्भ–8 में अंकित कार्यालय में डाली जायेगी।

निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन०एस०सी० अथवा डाकघर, बचत पासबुक शैड्यूल आफ बैंक की एफ०डी० के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो०नि०वि०, बेरीनाग के पद नाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रु० 100.00 (रू० एक सौ मात्र) का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि रू0	निविदा फार्म का मूल्य	निविदा की वैधता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा बेचने एवं प्राप्त करने वाले कार्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6	7	8
1	खनिज न्यास मद के अन्तर्गत ग्राम मनगढ़ हाट भण्डार पीपली में सुरक्षात्मक कार्य।	56000.00	1500.00+ (18%GST)	45 दिन	02 माह	श्रेणी डी एवं उच्चतर (मार्ग निर्माण कार्य)	1–अधीक्षण अभियन्ता तृतीय वृत्त लो० नि० वि० पिथौरागढ़। 2–अधिशासी अभियन्ता प्रा०ख० खण्ड लो० नि० वि० पिथौरागढ़। 3–अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो० नि० वि० बेरीनाग। 4–अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो० नि० वि० बागेश्वर।

निविदा दिनांक 30.08.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी, अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०, बेरीनाग

MA EDUCATIONAL INSTITUTE

Pkt-: H-3, Sec-18, Rohini, Delhi-89
011-4701 8708 / 7
E-mail: maisdelhi@rediffmail.com

Admission in
D.EL.ED (2025 - 2027)
& DPSE (2025 - 2027)
under 10% Management Quota Seats
Eligibility 12th Passed with 50%
Forms are avail from 19 Aug to 1 September & submitted in College Office by 1 September 2025 by 1pm

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आ